(ख) उसे कब तक अनुमोदन दे दिए जाने की संभावना है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** : (क) और (ख). पेयरी स्कीम को मध्य प्रदेश सरकार ने अगस्त, 1971 में भेजा था। केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग की टिप्पणियों के उत्तर राज्य से 14-7-72 को प्राप्त हुए थे और उनकी जांच की जा रही है ।

**मध्य प्रदेश मे तापीय बिजलीघर स्थापित करना**

3936. श्री **नाथूराम अहिरवार** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा मध्य प्रदेश में कोरबा, अमर कंटक तथा सतपुड़ा में तीन (प्रत्येक 920 मेगावाट की क्षमता वाले) तापीय बिजली घर (थरमल स्टेशन) स्थापित करने की प्राजेक्ट रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को स्वीकृति हेतु वर्ष 1971 में भेजी गई थी; और

(ख) यदि हां, तो अब तक स्वीकृति न देने के क्या कारण हैं और इन्हें कब तक स्वीकृति दे दी जाएगी ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** : (क) जी, हां ।

(ख) मध्य प्रदेश सरकार को सम्पूर्ण देश के विद्युत विकास के लिए सिंचाई और विद्युत मंत्रालय द्वारा तैयार की गई स्कीम के अनुरूप एक संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सलाह दी गई है। पांचवीं योजना में मध्य प्रदेश में 1460 मेगावाट ताप विद्युत के अनुमानित योग की संभावना है ।

**केंद्रीय जल एवं विद्युत आयोग में भर्ती नीती**

3937. **श्री नाथूराम अहिरवार** :
**श्री लम्बोदर बलियार** :

क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केंद्रीय जल एवं विद्युत आयोग में भर्ती की वर्तमान नीति क्या है ;

(ख) क्या राज्यों से प्रतिनियुक्ति के लिए कोई निश्चित कोटा है ;

(ग) केंद्रीय जल एवं विद्युत आयोग में गत तीन वर्षों में, राज्यवार, कितनी प्रतिनियुक्तियां सदस्य, मुख्य अभियंता, संचालक तथा उप-संचालक के पद के लिए की गई ; और

(घ) केंद्रीय जल एवं विद्युत आयोग में जिन राज्यों के अधिकारियों को अभी तक प्रतिनियुक्त नहीं किया गया, उन राज्यों को, विशेषकर मध्य प्रदेश को, अधिक प्रतिनिधित्व देने के बारे में क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील)** : (क) और (ख). भर्ती नियमों के अनुसार, केंद्रीय जल और विद्युत आयोग में अध्यक्ष तथा सदस्य के पद, लोक संघ सेवा आयोग के माध्यम से वरिष्ठ सिंचाई/विद्युत इंजीनियरों के मिले-जुले क्षेत्र से अखिल भारतीय आधार पर चयन द्वारा भरे जाते हैं । मुख्य अभियंताओं के 50 प्रतिशत पद केन्द्रीय जल और विद्युत आयोग के विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति द्वारा तथा शेष 50 प्रतिशत पद राज्य सरकारों/राज्य बिजली बोर्डों से अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति द्वारा भरे जाते हैं । निदेशक, उपनिदेशक तथा सहायक निदेशक के ग्रेड में 75 प्रतिशत पद विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति द्वारा तथा 25 प्रतिशत राज्य सरकारों/राज्य बिजली बोर्डों से प्रतिनियुक्ति पर भरे जाते हैं । मुख्य अभियंता, निदेशक, उप निदेशक तथा सहायक निदेशकों के पदों पर प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों की नियुक्ति के लिए लोक सेवा संघ आयोग, विभिन्न राज्य सरकारों/राज्य बिजली बोर्डों द्वारा सिफारिश किए गए योग्य अधिकारियों में से चयन करता है ।

(ग) अपेक्षित जानकारी का विवरण सभा पटल पर रखा गया है । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या** L. T.—3545/72) ।

(घ) किसी विशेष राज्य के लिए किसी कोटे का निर्धारण नहीं किया जाता है। प्रतिनियुक्ति कोटे के अंदर आने वाले पद विभिन्न पद राज्य सरकारों/राज्य बिजली बोर्डों द्वारा सिफारिश किए गए अधिकारियों में से लोक सेवा संघ आयोग की सिफारिश पर भरे जाते हैं। मध्य प्रदेश सरकार सहित सभी राज्य सरकारों से सिफारिशें आमन्त्रित की जाती हैं।

**Rajendra Bridge over Ganga at Mokameh (Eastern Railway)**

3938. SHRI BHOLA MANJHI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the total amount spent on the construction of Rajendra Bridge over Ganga at Mokameh;

(b) when the bridge was opened for traffic;

(c) whether Railway passengers and others using the bridge are being charged extra amount for crossing the bridge either way, and if so, the reasons therefor; and

(d) the total amount realised so far?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI T. A. PAI) : (a) Rs. 14,00,15,219/- upto 31-3-1972.

(b) 26-4-1959 for Goods traffic and 1-5-1959 for Passenger traffic.

(c) No.

(d) Does not arise.

**Structural changes in Foreign Trade**

3939. SHRI R. S. PANDEY :
SHRI CHANDRIKA PRASAD :

Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether Government have worked out a plan to make certain structural changes in the country's external trade with a view to have a close trade cooperation with neighbouring countries;

(b) if so, the broad outlines of the plan; and

(c) preliminary steps taken so far to increase commercial cooperation with those countries?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A. C. GEORGE): (a) to (c). India is maintaining very close trade contacts and co-operation with the neighbouring countries. A longterm Treaty of Trade & Transit has been concluded with neighbouring Nepal. The Treaty, *inter alia*, governs trade between the two countries. A Trade Arrangement has also been concluded with Afghanistan. As in the case of Nepal, the Trade Arrangement with Afghanistan also aims at development, expansion and diversification of trade to mutual benefit. A three-tier Trade Agreement was signed between Government of India and the Government of Bangladesh in March 1972. Our trade with Sri Lanka is governed by a Trade Agreement. In addition, the two sides have set up a Joint Committee on Economic Co-operation. A Joint Commission for Economic Cooperation between India and Iran has been set up since 1969. Government have taken and will continue to take, measures, aiming at expansion of trade and closer economic and commercial cooperation with the neighbouring countries.

**Classless Train Service**

3940. SHRI R. S. PANDEY :
SHRI SHIV KUMAR SHASTRI :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is proposed to introduce some Class-less trains to provide comfortable travel to the masses; and

(b) if so, the salient features of the proposal and when a final decision is likely to be taken in the matter?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI T. A. PAI) : (a) No. However, Janata Express Trains are already being run between important stations with only one class of accommodation, namely, third class.

(b) Does not arise.

**रेलवे में ब्रेक-डाउन भत्ते के स्थान पर दैनिक भत्ता दिया जाना**

3941. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे के संकेत व दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को किसी दुर्घटना